दिनांक 22.09.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

हजारों ने दिया आटोग्राफ लिया स्वच्छता संकल्प

भिलाईनगर/ स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के थीम के अनुसार सामुहिक स्वच्छता हस्ताक्षर अभियान निगम क्षेत्र के सभी वार्डो एवं मुख्य कार्यालय में चलाया गया, नगर पालिक निगम, भिलाई के सभी 70 वार्डों के मुख्य चौक–चौराहों पर जोन कार्यालय एवं मुख्य कार्यालय के कार्यालय प्रांगण में स्वच्छता संकल्प हस्ताक्षर अभियान में वार्ड के नागरिकगण, जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, सामाजिक संस्थाओं के लोग बढ़–चढ़कर भागीदार बनें। स्वच्छता हस्ताक्षर अभियान का उद्देश्य था कि स्वच्छता के प्रति एक संकल्प लेना कि हम लोग अपने घरों, दुकानों, रेस्तरा, हॉटल एवं अन्य स्थलों से उत्पन्न होने वाले कचरे को वैज्ञानिक ढंग से निष्पादन में सहयोग करेंगे। गीले कचरे को हरे डस्टबीन में और सुखा कचरा नीले डस्टबीन में डालेंगे। अपने घरों से निकलने वाले कचरे को निगम के स्वच्छता दुत को ही देंगे हम सब लोग मिलकर स्वच्छता अभियान में सहयोग करेंगे। इसके लिए निगम द्वारा प्रत्येक वार्ड में तीन–तीन मीटर का कपड़ा लगाया गया था जिसपर कक्षा 7 वी. एवं 8 वी. के छात्र–छात्रा श्रेयांस और रिद्धिमा गृहणी रोशनी ने बताया कि मुझे ऐसा लग रहा है कि स्वच्छता अभियान से जुड़कर मैं अपना आटोग्राफ दे रहीं हूँ। स्वच्छता संकल्प से मैं अपने साथ–साथ अन्य लोगों को भी प्रेरित करुंगी। निगम भिलाई के 331 मीटर कपड़े में हस्ताक्षर अभियान के दौरान हजारों लोगों ने हस्ताक्षर किया महापौर देवेन्द्र यादव, स्वास्थ्य विभाग के अध्यक्ष लक्ष्मीपति राजू, मुख्य कार्यालय सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव, जोन 04 आयुक्त के0एल0 चौहान, जोन 03 में जाकर हस्ताक्षर किये वहॉ पर उपस्थित सदस्यों को स्वच्छता की संकल्प दिलवाये। हस्ताक्षर अभियान के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी आर0के0 साहू, जोन आयुक्त बी0के0 देवांगन, आर0के0 पदमवार, टी0के0 रणदिवे, संजय शर्मा, प्रशान्त शुक्ला, संजय बागड़े, जनसम्पर्क अधिकारी सुभाष सिंह ठाकुर आदि निगम के अधिकारी, कर्मचारी सम्मिलित हुए।

जनसम्पर्क अधिकारी
नगर पलिक निगम भिलाई